VOICE OF LUCKNOW PAGE 5

लविवि में हुआ प्रो. पूनम टंडन का सम्मान

लखनऊ। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलपति प्रो. पूनम टंडन के लिए सम्मान समारोह शनिवार को आयोजित हुआ। प्रो. पूनम टंडन वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय में डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवं डीन एकेडमिक्स के पद पर कार्य कर रही थीं। इस आयोजन में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि पूनम अत्यंत परिश्रमी हैं जो संस्था के साथ पूरी निष्ठा के साथ काम करती हैं। पूनम के लिए यह बड़े सम्मान की बात है कि जिस संस्थान में उनके रिसर्च गाइड प्रो जीपी गुप्ता ने कुलपति के दायित्व का निर्वहन किया, उसी संस्थान में पूनम अब कुलपति पद के दायित्व का निर्वहन करने जा रही हैं। हम सब लोग उनको शुभकामनाएं देते हैं कि वह दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को शैक्षणिक क्षेत्र में और ऊंचाइयों पर ले जाय। इस सम्मान समारोह में कुलसचिव डा विनोद कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, वित्त अधिकारी हिमानी चौधरी, डीन आरएसी प्रोफेसर मानुका खन्ना, डायरेक्टर प्लेसमेंट सेल प्रोफेसर मधुरिमा लाल, कुलानुशासक प्रो राकेश द्विवेदी, लूटा के अध्यक्ष डॉ आर वी सिंह मून, महामंत्री अनित्य गौरव, डा संगीता साहू, डॉ. केया पाण्डेय, चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप सिंह एवं अन्य शिक्षक और अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने प्रो पूनम टंडन को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

लविवि ने नये प्रवेशित छात्रों का किया स्वागत

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर की देखरेख में नव प्रवेशित बीबीए, बीबीए-एमएस, बीबीए-आईबी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। डीन छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। प्रो. विनीता काचर एवं प्रो. पूनम टंडन ने विद्यार्थियों को नये बैच वितरित किये। प्रो. पूनम टंडन ने छात्रों को पढ़ाई के अलावा कैंपस में अपने समग्र विकास पर भी ध्यान देने का सुझाव दिया। डॉ. रुचि मिश्रा ने इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

लविवि में आयोजित होने वाले वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के पोस्टर का विमोचन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे 2023 के पोस्टर का विमोचन शनिवार को हुआ। वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे 2023 का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा 25 सितम्बर को होना सुनिश्चित है। इस अवसर पर विभिन्न वक्तव्य एवं प्रतियोगिताएं पोस्टर, रंगोली, इनोवेटिव साइंटिफिक आइडिया, नुक्कड़ नाटक, फार्माट्रस, स्टोरी टैलिंग एवं ऑनलाइन क्विज आयोजित किये जायेंगे जिसमें पूरे देश से फार्मेसी के छात्र-छात्राऐं प्रतिभाग करेंगे। विमोचन के अवसर पर प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज, लखनऊ एवं शिक्षक डॉ. लुबना आजमी, करिश्मा सिंह, डॉ. प्रनेश कुमार, डॉ. रोहित सिंह और प्रशांत कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

NBT PAGE 4

LU ने दो विवि से किया एमओयू

■ एनबीटी सं, लखनऊ : वैश्विक शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधों को बढ़ाने के लिए एलयू ने शनिवार को थाईलैंड और नाइजीरिया के दो विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू साइन किया। इनमें थाईलैंड में थाई ग्लोबल बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन टेक्नोलॉजिकल कॉलेज और नाइजीरिया में अक्वा इबोम स्टेट यूनिवर्सिटी शामिल हैं। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संपन्न किए गए इस एमओयू को शैक्षिक गतिविधियों में कई फायदे होंगे। एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि दोनों संस्थानों में अध्ययन किए जाने वाले विषयों में सहयोग किया जाएगा। वहीं संयुक्त सेमिनार, सम्मेलन और कार्यशालाएं भी इसका हिस्सा रहेंगे।

प्रो. पूनम टंडन का हुआ सम्मान

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में शनिवार को गोरखपुर विवि की नवनियुक्त वीसी प्रो. पूनम टंडन का सम्मान किया गया। मौके पर एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने कहा कि प्रो.पूनम टंडन के लिए बड़े सम्मान की बात है कि जिस संस्थान में उनके रिसर्च गाइड प्रो.जीपी गुप्ता ने कुलपति के दायित्व का निर्वहन किया, उसी संस्थान में अब वह कुलपति का पदभार ग्रहण करने जा रही हैं। मौके पर परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह, हिमानी चौधरी, प्रो. मनुका खन्ना शामिल रहे।

एआई से पता चलेगी वित्तीय धोखाधड़ी

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के सांख्यिकी विभाग में शनिवार को प्रथम प्रफेसर एआर रॉय मेमोरियल व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका विषय एआई से वित्तीय धोखाधड़ी का पता लगाना था। मौके पर ऑस्ट्रेलिया के बॉन्ड विवि के अर्थशास्त्र और सांख्यिकी विभाग के हेड प्रो. कुलदीप कुमार ने धोखाधड़ी का पता लगाने के लिए स्वचालित प्रक्रियाओं, मशीन लर्निंग और हाइब्रिड मॉडल जैसी कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस-आधारित तकनीकों के बारे में बताया। मौके पर डॉ. शांभवी मिश्रा, प्रो. मसूद एच. सिद्दीकी भी मौजूद रहे।

भारतीय न्याय दर्शन में तर्कशास्त्र पर हुई चर्चा

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के दर्शनशास्त्र विभाग में शनिवार को शोध छात्र पुष्पेश सिंह ने व्याख्यान माला के तहत भारतीय न्याय दर्शन में तर्कशास्त्र का समीक्षात्मक विवेचन विषय पर अपना व्याख्यान दिया। इसमें उन्होंने हेत्वाभास और उनके विभिन्न प्रकार, आगमनात्मक और निगमनात्मक तर्कशास्त्र से संबंधित अलग-अलग बिंदुओं पर चर्चा की। अंत में उन्होंने प्रतिभागियों के प्रश्नों के जवाब भी दिए। मौके पर डॉ. रजनी श्रीवास्तव, सोनाक्षी मौर्या समेत कई स्टूडेंट्स शामिल रहे।

वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के पोस्टर का विमोचन

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज की ओर से वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे-2023 का 25 सितंबर को आयोजन किया जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को इसके पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम में अलग-अलग वक्तव्य के साथ पोस्टर, रंगोली, इनोवेटिव साइंटिफिक आइडिया, नुक्कड़ नाटक, फार्मट्रस, स्टोरी टैलिंग एवं ऑनलाइन क्विज आयोजित किए जाएंगे। मौके पर निदेशक प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

शोधार्थी मनोहर का राष्ट्रीय अनुवाद मिशन में चयन

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के अंग्रेजी और एमईएल विभाग के शोधार्थी मनोहर परमार का केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान के राष्ट्रीय अनुवाद मिशन (एनटीएम) की ओर से आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला में चयन हुआ है। मूलतः बलिया के रहने वाले मनोहर परमार एलयू में डॉ. मोहम्मद तारिक के मार्गदर्शन में पीएचडी कर रहे हैं। वह यूपी से चयनित तीन उम्मीदवारों में से एक हैं।

आईएमएस में नए स्टूडेंट्स का हुआ स्वागत

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में नव प्रवेशित बीबीए, बीबीए-एमएस, बीबीए-आईबी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन स्टूडेंट्स को पढ़ाई के अलावा कैंपस में अपने समग्र विकास पर भी ध्यान देने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में ओएसडी प्रो. विनीता काचर, डॉ.रुचि मिश्रा भी मौजूद रहीं।

बीटेक, बीफार्मा और एमसीए में अब हर साल खुद दाखिले लेगा LU

एकेटीयू पर निर्भरता खत्म, सत्र 2024-25 में तीनों कोर्सों के लिए होगी प्रवेश परीक्षा

ऐडमिशन अलर्ट

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू ने बीटेक, बीफार्मा और एमसीए में प्रवेश को लेकर बड़ा फैसला लिया है। एलयू अब सत्र 2024-25 से इन तीनों कोर्सों में प्रवेश अपने स्तर से परीक्षा करा कर लेगा। फिलहाल इस सत्र 2023-24 में एलयू जेईई मेंस, सीयूईटी यूजी-पीजी की परीक्षा के जरिए इन तीनों कोर्सों में प्रवेश ले रहा है। इससे पहले इन कोर्सों में प्रवेश एलयू, एकेटीयू की काउंसलिंग के जरिए लेता था। मगर एकेटीयू के संबद्धता प्रकरण के सामने आने के बाद एलयू अपने स्तर से प्रवेश प्रक्रिया कर रहा है।

ऐडमिशन क्वार्डिनेटर प्रो.पंकज माथुर ने शनिवार को बताया कि अब एलयू ने फैसला लिया है कि सत्र 2024-25 से बीटेक, बीफार्मा और एमसीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एकेटीयू की काउंसलिंग पर निर्भर नहीं रहेगा। इन कोर्सों के लिए एलयू अपने स्तर से हर वर्ष प्रवेश परीक्षा कराएगा। डिप्टी ऐडमिशन क्वार्डिनेटर डॉ.अनित्य गौरव ने बताया कि अब प्रफेशनल कोर्सों के फॉर्म अब एक साथ ही फरवरी में हर वर्ष निकाले जाएंगे।

इस सत्र में तीनों कोर्सों में रजिस्ट्रेशन सात तक : एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने बताया कि सत्र 2023-24 के लिए बीटेक, बीफार्मा व एमसीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए गए हैं। विवि के इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संकाय में कंप्यूटर साइंस ऐड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स ऐड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआई में बीटेक पाठ्यक्रम संचालित हैं। तीनों ही कोर्सों के लिए रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 7 सितंबर है।

बंद किया जाएगा एलयूआरएन: एलयू प्रवक्ता डॉ.दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विवि ने यह भी निर्णय लिया है कि इस सत्र की प्रवेश प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो रही है। लिहाजा इस सत्र के लिए एलयूआरएन में पंजीकरण शीघ्र ही प्रतिबंधित कर दी जाएगी। कोर्सेज को जल्द से जल्द अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

i-NEXT PAGE 4

प्रो. पूनम टंडन को दी गई विदाई

LUCKNOW (2 Sept) : दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की नवनियुक्त कुलपति प्रो पूनम टंडन के लिए विदाई समारोह आयोजन किया गया. प्रो पूनम टंडन वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय में डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवं डीन एकेडमिक्स के पद पर कार्यरत थीं. इस मौके पर एलयू के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय भी मौजूद रहे. उन्होंने अपनी शुभकामनाएं दीं. लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज में नव प्रवेशित बीबीए, बीबीए-एमएस, बीबीए-आईबी ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया. मुख्य अतिथि अभिघटता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन उपस्थित रहीं. ओएसडी प्रो. विनीता काचर एवं प्रो. पूनम ने विद्यार्थियों को नए बैग वितरित किए.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि प्रोफेशनल कोर्सों में दाखिले की प्रवेश परीक्षा अब खुद कराएगा

अभी तक एकेटीयू के माध्यम से होते थे बीटेक, एमसीए और बीफार्मा में दाखिले

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय अब बीटेक, एमसीए और बीफार्मा जैसे कोर्सों में दाखिले के लिए हर साल अपने स्तर से प्रवेश परीक्षा कराएगा। डीन एडमिशन प्रो. वीके शर्मा ने टीम के साथ शनिवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। अभी तक विवि इन पाठ्यक्रमों में एकेटीयू के माध्यम से प्रवेश लेता था।

एकेटीयू में संबद्धता मामले के निस्तारण में देरी होने से लविवि प्रशासन ने प्रवेश के लिए जेईई-मेंस और सीयूईटी देने वाले अभ्यर्थियों को सात सितंबर तक लखनऊ विवि की वेबसाइट पर पंजीकरण कराने के लिए कहा है। आगे यह स्थिति न हो, इसके लिए लविवि प्रशासन ने अगले साल से सभी प्रोफेशनल कोर्सों के दाखिले अपने स्तर से करने का फैसला लिया है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन भी लविवि अपने स्तर से करेगा। गौरतलब है कि एमबीए और अन्य पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा लविवि खुद ही आयोजित करता है।

लविवि ने दो विदेशी विवि संग किया एमओयू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शैक्षणिक क्षेत्रों में शोध को बढ़ावा देने के लिए नाइजीरिया के अक्वा इबोम स्टेट यूनिवर्सिटी, थाईलैंड के थाई बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन टेक्नोलॉजिकल कॉलेज संग एमओयू किया है। इनका उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में ऐसी तकनीकों का इस्तेमाल करना है, जिससे विद्यार्थी गुणवत्तापरक शिक्षा ले सकें। डीन अकादमिक प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि इन समझौतों से छात्रों में मूल्यवान वैश्विक दृष्टिकोण और अनुसंधान के अवसर मिलेंगे। अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग सुधार में भी ये अहम भूमिका निभाएंगे। (संवाद)

जनवरी में आएंगे प्रवेश फॉर्म

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि बीटेक, एमसीए और बीफार्मा के दाखिले समय से करने के लिए प्रवेश फॉर्म काफी पहले जारी किए जाएंगे। अगले सत्र के दाखिले के आवेदन फॉर्म जनवरी में जारी करने की योजना है।

अन्य प्रवेश परीक्षा की मेरिट पर दाखिले

लखनऊ विश्वविद्यालय में सह प्रवेश समन्वयक अनित्य गौरव ने बताया कि इस साल इतना समय नहीं है कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन करके दाखिले लिए जाएं। इसे देखते हुए सीयूईटी यूजी से बीफार्मा, सीयूईटी पीजी से एमसीए और जेईई मेन की मेरिट को बीटेक में दाखिले का आधार बनाया जाएगा। लविवि की वेबसाइट पर लिंक खोला गया है। इस पर जाकर सात सितंबर तक अभ्यर्थी ब्योरा भर सकते हैं। कोर्स का विकल्प भी अभ्यर्थी ऑनलाइन दे सकते हैं।

पाठ्यक्रम	सीटें	फीस प्रति सेमेस्टर
सिविल इंजीनियरिंग	60	60,080
बीटेक सीएस एंड इंजीनियरिंग	120	60,080
बीटेक सीएस एंड इंजीनियरिंग (एआई)	120	60,080
इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्यूनिकेशन	60	60,080
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग	60	60,080
मैकेनिकल इंजीनियरिंग	60	60,080
बीफार्मा	100	60,080
एमसीए	30	56080

छात्रावास आवंटन के लिए मांगे आवेदन

लखनऊ। लविवि ने विभिन्न कोर्सों में विधि छात्रों के छात्रावास आवंटन के लिए आवेदन फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी। एलएलबी ऑनर्स, तीसरे, पांचवें, सातवें व नौवें सेमेस्टर, एलएलबी तीन वर्ष में तीसरे व पांचवें और एलएलएम तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों से छात्रावास आवंटन के लिए आवेदन मांगे हैं। विवि के एचएमएस पोर्टल पर तीन सितंबर की रात 12 बजे तक आवेदन करना होगा। (संवाद)

महिला कॉलेज में अब 16 तक मिलेगा प्रवेश

लखनऊ। महिला डिग्री कॉलेज में छात्राएं अब 16 सितंबर तक प्रवेश ले सकती हैं। पहले यह तिथि 31 अगस्त थी। प्राचार्य प्रो. निशा गुप्ता ने बताया कि बीए, बीएससी व बीकॉम में अभी ज्यादातर सीटें खाली हैं। प्रवेश की इच्छुक छात्राएं सुबह दस से शाम पांच बजे तक कॉलेज के काउंटर से फॉर्म ले सकती हैं। (संवाद)

एमए पब्लिक हेल्थ का सीट आवंटन जारी

लखनऊ। लविवि ने शनिवार को परास्नातक में प्रवेश के तहत एमए पब्लिक हेल्थ विषय का दूसरा सीट आवंटन जारी किया। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर इसका ब्योरा देख सकते हैं। जिन्हें सीट आवंटित हो जाती है, उन्हें पांच सितंबर की मध्यरात्रि तक ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी। (संवाद)

लविवि छात्र राष्ट्रीय अनुवाद मिशन में चयनित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग के शोध छात्र मनोहर परमार का चयन केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान के राष्ट्रीय अनुवाद मिशन में अनुवादक पद पर हुआ है। वह लुप्तप्राय भाषाओं के संरक्षण और विकास पर काम करेंगे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व रिसर्च सुपरवाइजर डॉ. मोहम्मद तारिक समेत डीन अकादमिक ने शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

नए विद्यार्थियों का किया स्वागत

लखनऊ। लविवि के नवीन परिसर में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज की ओर से नव प्रवेशित विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। संस्थान की ओसएसडी प्रो. विनीता काचर ने इन्हें लविवि की परंपरा से अवगत कराया। डीन अकादमिक प्रो. पूनम टंडन ने वैग बांटे। उन्होंने कहा कि लविवि विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। (संवाद)

वर्ड फार्मासिस्ट डे के पोस्टर का विमोचन

लखनऊ। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को वर्ड फार्मासिस्ट डे के पोस्टर का अनावरण किया। लविवि इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज की ओर से 25 सितंबर को संस्थान में वर्ड फार्मासिस्ट डे मनाया जाएगा। इसमें सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। मौके पर प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी डॉ. लुबना आजमी, करिश्मा सिंह, डॉ. प्रानेश कुमार, व डॉ. रोहित सिंह थे। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 7

बड़ा फैसला : इंजीनियरिंग और फॉर्मेसी में दाखिले के लिए दूसरे विश्वविद्यालय पर निर्भर नहीं रहेगा एलयू

लखनऊ विश्वविद्यालय एकेटीयू की काउंसलिंग से प्रवेश नहीं लेगा

07 सितंबर होगी आवेदन के लिए अंतिम तिथि

13 से 17 सितंबर तक करेंगे आरएनी काउंसलिंग

दाखिले की दौड़

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीटेक, बीफार्मा और एमसीए में दाखिले पर बड़ा फैसला लिया है। एलयू अब सत्र 2024-25 से तीनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश अपने स्तर से परीक्षा करा कर लेगा। फिलहाल इस सत्र 2023-24 में एलयू जेईई मेंस, सीयूईटी यूजी-पीजी की परीक्षा के जरिए इन तीनों कोर्सों में प्रवेश ले रहा है। इससे पहले इन कोर्सों में प्रवेश एलयू, एकेटीयू की काउंसलिंग के जरिए लेता था। मगर एकेटीयू के संबद्धता प्रकरण के सामने आने के बाद एलयू अपने स्तर से प्रवेश प्रक्रिया कर रहा है।

ऐडमिशन क्वार्डिनेटर प्रो.पंकज माथुर ने शनिवार को बताया कि अब एलयू ने फैसला लिया है कि सत्र 2024-25 से बीटेक, बीफार्मा और एमसीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एकेटीयू की काउंसलिंग पर निर्भर नहीं रहेगा। इन कोर्सों के लिए एलयू अपने स्तर से हर वर्ष प्रवेश परीक्षा कराएगा। डिप्टी ऐडमिशन क्वार्डिनेटर डॉ.अनित्य गौरव ने बताया कि अब प्रफेशनल कोर्सों के फॉर्म अब एक साथ ही फरवरी में हर वर्ष निकाले जाएंगे।

कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि सत्र 2023-24 के लिए बीटेक, बीफार्मा, एमसीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। विवि के इंजीनियरिंग और तकनीकी संकाय में कंप्यूटर साइंस ऐड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआई में बीटेक पाठ्यक्रम संचालित हैं। बीफार्मा और एमसीए पाठ्यक्रम में भी प्रवेश लिए जाएंगे। बीटेक में जेईई मेन्स-2023 क्वालिफाई अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। बीफार्मा में सीयूईटी यूजी, एमसीए में सीयूईटी पीजी की परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि सात सितंबर तय है। एलयू वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। बीटेक में 480 सीटें हैं। बीफार्मा में 100, एमसीए में 30 सीटें हैं। एलयू 13-17 सितम्बर तक काउंसलिंग कराएगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि एलयू ने सत्र 2023-25 के बीटेक, बीफार्मा, एमसीए में प्रवेश के लिए ; वह पूरी से यनचित केवल तीन उम्मीदवारों में से एक हैं।

जल्द बंद किया जाएगा एलयूआरएन पोर्टल

एलयू प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि विश्वविद्यालय ने यह भी निर्णय लिया है कि इस सत्र की प्रवेश प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो रही है। लिहाजा इस सत्र के लिए एलयूआरएन में पंजीकरण शीघ्र ही प्रतिबंधित कर दी जाएगी। कोर्सेज को जल्द से जल्द अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

480 सीटें हैं बीटेक के पाठ्यक्रम में

- अगले सत्र से इंजीनियरिंग फॉर्मेसी के लिए खुद प्रवेश परीक्षा कराएगा एलयू
- अब से हर वर्ष जनवरी से भरे जाएंगे प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन

एलयू में प्रो. पूनम टंडन का सम्मान

लखनऊ। एलयू में गोरखपुर विवि की नवनियुक्त कुलपति प्रो. पूनम टंडन का सम्मान हुआ। एलयू में अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. पूनम टंडन के लिए सम्मान समारोह हुआ। कुलपति प्रो. आलोक राय ने कहा कि पूनम के लिए बड़े सम्मान की बात है कि जिस संस्थान में रिसर्च गाइड प्रो. जीपी गुप्ता ने कुलपति के दायित्व का निर्वहन किया, उसी संस्थान में अब कुलपति बनने जा रही हैं।

एआई के जरिए पता चलेगी वित्तीय धोखाधड़ी

लखनऊ। एलयू सांख्यिकी विभाग ने प्रथम प्रोफेसर एआर रॉय मेमोरियल व्याख्यान द्वितीय धोखाधड़ी पर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता ऑस्ट्रेलिया के बॉन्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कुलदीप कुमार रहे। उन्होंने धोखाधड़ी का पता लगाने के सांख्यिकीय, कम्प्यूटेशनल तरीकों का उपयोग कर स्वचालित प्रक्रियाओं, मशीन लर्निंग, हाइब्रिड मॉडल तकनीकों के बारे में बताया।

एलयू के शोधार्थी का राष्ट्रीय अनुवाद मिशन में चयन

लखनऊ। एलयू के अंग्रेजी और एमईएल विभाग के शोधार्थी मनोहर परमार का केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान के राष्ट्रीय अनुवाद मिशन (एनटीएम) द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला में चयन हुआ। मूलतः बलिया के रहने वाले मनोहर परमार एलयू में डॉ. मोहम्मद तारिक के मार्गदर्शन में पीएचडी कर रहे हैं। वह यूपी से चयनित केवल तीन उम्मीदवारों में से एक हैं।

वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के पोस्टर का विमोचन

लखनऊ। एलयू के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे-2023 का 25 सितंबर को आयोजन करेगा। कुलपति प्रो. आलोक राय ने इसका पोस्टर रिलीज किया। 25 सितंबर को अलग-अलग वक्तव्य, प्रतियोगिताएं पोस्टर, रंगोली, इनोवेटिव साइंटिफिक आइडिया, नुक्कड़ नाटक, फार्मट्रस, स्टोरी टैलिंग एवं ऑनलाइन क्विज आयोजित किए जाएंगे।

एलयू में पहला एस्ट्रोनॉमी रिसर्च सेंटर

करार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए कमर कस ली है। गणित, खगोल विज्ञान विभाग में स्थित प्लेनोटोरियम को भारत की पहली स्वदेशी खगोल विज्ञान शोधशाला के रूप में स्थापित किया जाएगा।

एलयू और गोरखपुर की ब्राटिनो टेक्नोलॉजी में भारतीय खगोल तकनीक को बढ़ावा देने के लिए एमओयू हुआ। कुलपति प्रो. आलोक राय और ब्राटिनो के निदेशक सचिन्द्र नाथ ने अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. पूनम टंडन, खगोलशास्त्री डॉ. अलका की मौजूदगी में एमओयू पर साइन किया। कुलपति ने बताया कि अंतरिक्ष अनुसंधान और अंतरिक्ष जागरूकता कार्यक्रम के लिए नई तकनीक, उपकरण विकसित करने में ब्राटिनो मदद करेगा। अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. पूनम टंडन का कहना है कि एमओयू इसी शैक्षिक सत्र से लागू होगा। एलयू-ब्राटिनो टेक्नोलॉजी भारत को पहली स्वदेशी खगोल विज्ञान शोधशाला लगाएंगे, जिससे आकाशगंगा में नई ऊंचाई छू सकें।

एलयू में शोध करने आए नेपाल के शिक्षक

लखनऊ विश्वविद्यालय में अब शोध के लिए विजिटिंग फैकल्टी आने लगी है। शुक्रवार को सुदूर पश्चिमी विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य तीर्थ राज पनेरू कैंपस पहुंचे। भौतिक विज्ञान शिक्षक पनेरू का कुलपति,अधिष्ठाता अकादमिक ने स्वागत किया। प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि नेपाल के शिक्षक को उनके विषय पर रिसर्च करने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय से फेलोशिप प्राप्त हुई है। वह अगले छह महीने तक भौतिक विज्ञान विभाग में अपना रिसर्च कार्य करेंगे।

एकेडमिक काउंसिल की बैठक इसी माह: एलयू में एकेडमिक काउंसिल की बैठक के लिए एजेंडा तैयार हो गया है। इस माह के दूसरे सप्ताह में एकेडमिक काउंसिल की बैठक की योजना तय मानी जा रही है। कुलपति की ओर से कुलसचिव को जल्द से जल्द मुख्य मुद्दों को एजेंडे में शामिल करने के मौखिक निर्देश दिए गए हैं।

वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे का पोस्टर रिलीज

LUCKNOW(2 Sep) वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के मौके पर एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के पोस्टर का विमोचन किया. साथ ही उहोंने आयोजन के लिए शुभकामनाएं भी दी. इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज, एलयू में 25 सितम्बर को होना है. इस दौरान पोस्टर, रंगोली, इनोवेटिव साइंटिफिक आइडिया, नुक्कड़ नाटक, फार्मट्रस, स्टोरी टैलिंग एवं ऑनलाइन क्विज आयोजित किए जाएंगे. जिसमें पूरे देश से फार्मेसी के स्टूडेंट्स भाग ले रहे हैं. विमोचन मौके पर प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी निदेशक, इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकलसाइंसेज, शिक्षक डॉ. लुबना आजमी, करिश्मा सिंह, डॉ. प्रनेश कुमार, डॉ. रोहित सिंह और प्रशांत कुमार सिंह मौजूद रहे.

i-NEXT PAGE 4

JAGRAN CITY PAGE IIIs

फार्मेसी पोस्टर का विमोचन किया

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने शनिवार को वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे' 2023 के पोस्टर का विमोचन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन 25 सितंबर को होगा। इसमें पोस्टर, रंगोली, इनोवेटिव सांइटिफिक आइडिया, नुक्कड़ नाटक, फार्मांट्रन्स, स्टोरी टेलिंग एवं आनलाइन क्विज आयोजित किए जाएंगे। इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूरे देश से फार्मेसी के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे।

प्रो. पूनम टंडन का सम्मान

प्रो. पूनम टंडन को सम्मानित करते लविवि कुलपति प्रो. आलोक राय ● सौ: लविवि

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग की प्रोफेसर पूनम टंडन को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का कुलपति बनाए जाने पर परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय व अन्य शिक्षकों ने उन्हें सम्मानित किया। प्रो. पूनम टंडन लवि में डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवं डीन एकेडमिक्स के पद पर थीं। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने भी उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। (जास)

अगले सत्र से बीटेक में प्रवेश परीक्षा कराएगा लखनऊ विश्वविद्यालय

जागरण संवाददाता, लखनऊ : अब लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) बीटेक, बी फार्मा और एमसीए जैसे पाठ्यक्रमों में खुद मेरिट बनाकर प्रवेश लेगा। उसने एकेटीयू की प्रदेश स्तरीय काउंसिलिंग से खुद को अलग कर लिया है। एकेटीयू की लेटलतीफी को देखते हुए लवि प्रशासन ने यह निर्णय